(**CNR No.UPKJ**01-000875-2026)

न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश(वि०अधि०) कक्ष सं०-1, कन्नौज।

जमानत प्रार्थना पत्र संख्या -354/2026

भजनलाल उर्फ रामभजन पुत्र सीताराम,

निवासी-सुल्तानपुर पोस्ट नेरा, थाना व जनपद कन्नौज।

.........आवेदक/अभियुक्त।

बनाम

उ०प्र० राज्य **..........अभियोजन पक्ष।**

मुकदमा अपराध संख्या-1470/2021

धारा- 138 (1)B विद्युत अधिनियम

थाना-एन्टी पावर थेफ्ट कन्नौज, जनपद कन्नौज।

निस्तारण जमानत प्रार्थनापत्र

1. प्रस्तुत जमानत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा-138 (1)B विद्युत अधिनियम अपराध संख्या-1470/2021 थाना-एन्टी पावर थेफ्ट कन्नौज, जनपद कन्नौज में अभियुक्त **भजनलाल उर्फ रामभजन** की ओर से प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत प्रार्थनापत्र शपथ पत्र से समर्थित है।

2. अभियुक्त के जमानत प्रार्थनापत्र का संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थी को मुकदमा उपरोक्त में रंजिशन फंसाया गया है। उस कनेक्शन विच्छेद का कोई भी नोटिस आदि नहीं दिया गया और न ही उसे विद्युत चोरी का कोई नोटिस नहीं दिया गया, बल्क विद्युत कर्मचारियों द्वारा अपने कार्यालय में ही बैठकर विद्युत विच्छेदित उपक्रम कर दिया गया। उसके पास विद्युत कनेक्शन है। उसने विद्युत छूट के दौरान 20,000/- रूपया जमा कर दिया है तथा शेष बाकी रूपया भी वह क्रमशः धीरे-धीरे जमा कर देगा। अतः प्रार्थी को जमानत पर रिहा किये जाने की कृपा की जाये।

3. अभियोजन की तरफ से उपस्थित विद्वान लोक अभियोजक ने कथन किया है कि अभियुक्त द्वारा कारित अपराध गंभीर प्रकृति का है। अतः अभियुक्त का प्रार्थना पत्र निरस्त किये जाने की कृपा की जाये।

4. मैंने जमानत प्रार्थना पत्र, उभय पक्ष के अभिकथनों तथा सम्बन्धित पत्रावली का समग्र परिशीलन किया। पत्रावली के अवलोकन से विदित होता है कि अभियुक्त स्वयं न्यायालय में उपस्थित हुआ।

5. अतः मामले के तथ्यों एवं परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए तथा प्रस्तुत प्रकरण के गुणदोष पर अपनी राय व्यक्त किये बिना मैं जमानत का आधार पर्याप्त पाता हूं। तद्नुसार जमानत प्रार्थना पत्र स्वीकार किये जाने योग्य है।

आदेश

अभियुक्त **भजनलाल उर्फ रामभजन** द्वारा उपरोक्त मामले में प्रस्तुत जमानत प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाता है।

प्रार्थी/अभियुक्त द्वारा **पच्चीस हजार रूपये** की **एक जमानत** तथा समान धनराशि का व्यक्तिगत बन्धपत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने पर अभियुक्त को जमानत पर रिहा किया जाता है।

दिनांक-12.03.2026

(हरि प्रसाद)
अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश
(वि०अधि०),कक्ष सं०-1, कन्नौज।
J.O.CODEUP6489

Digitally signed by HARI PRASAD
Date: 2026.03.14 11:16:34 IST
Reason: Judgment
Location: A.District and Sessions Court N0.1 Kannauj.